an>

Title: Need to construct a bridge on Pachmedi Ghat near Phoolbehad, District Lakhimpur, Khiri, Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : मेरा संसदीय क्षेत्र लखीमपुर बेहद पिछड़ा क्षेत्र है जिसका एकमात्र मुख्य मार्ग बेलगाया-पनवारी राजमार्ग है, जो पचमेड़ी घाट पर पुल न होने के कारण सात माह से ज्यादा बंद रहता है जिसके कारण लोगों को विभिन्न स्थानों पर जाने के लिए अधिक रास्ता तय करने के साथ-साथ, उनके समय और धन का भी व्यय होता है। गौरतलब है कि निघासन से लखीमपुर के लिए फूलबेहड़ होते हुए जाने वाले सीधे रास्ते पर लंबी-चौड़ी शारदा नदी है, जिस पर पचमेड़ी घाट का पुल बनने से न केवल 20 किलोमीटर की दूरी जिला मुख्यालय से कम होगी बल्कि इससे बाढ़ नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। वन विभाग की बहुत सारी कीमती प्रजातियां - खैर, शीशम आदि के वृक्ष, जो प्रतिवर्ष अरबों रुपए की वनसंपदा बाढ़ के कारण खो देते हैं। पुल बनने से जहां उन जंगलों की रक्षा हो सकेगी, वहीं 30,000 एकड़ कृषि भूमि पर खेती हो सकेगी जिससे लखीमपुर जिले को 15 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आमदनी होगी। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इस पुल को बनवाने का काम किया जाए।

माननीय सभापति : श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, उपस्थित नहीं हैं।